तापमान
अधिकतम 30 .5 डिग्री
न्यूनतम 10 .1 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार 18 फरवरी 2026

11 वुशु चैंपियनशिप में गवर्नमेंट कॉलेज ...

12 खाली प्लॉट वालों को दिए जाएंगे नोटिस, 30% करना ..


## दिल्ली बाइपास पर फायरिंग केस में एक्शन : हिमांशु भाऊ गैंग से जुड़े बदमाश दबोचे

# गोगा हत्याकांड के दो शूटर 20 घंटे में गिरफ्तार, 4 पिस्टल बरामद, मुख्य सरगना साहिल उर्फ सुखा का एनकाउंटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दिल्ली बाइपास स्थित पर हुई दिनेश उर्फ गोगा हत्याकांड में पुलिस ने 20 घंटे में ही दो शूटरों को धर दबोचा। जिनके पास से चार पिस्टल बरामद हुए है। एक आरोपी नाबालिग है। आरोपियों से पूछताछ के बाद जल्द ही ओर गिरफ्तारियां भी हो सकती है। माना जा रहा है कि आरोपी हिमांशु भाऊ गैंग से जुड़े हुए हैं। एसपी सुरेंद्र भौरिया ने मंगलवार को गिरफ्तारियों का खुलासा किया है। वहीं, मंगलवार को पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। एसपी ने बताया कि दोनों गिरोहों के बीच वर्ष 2019 से चली आ रही दुश्मनी अब तक कई जानें ले चुकी है। बताया कि जा रहा है कि दोनों आरोपी दो ओर हत्याओं को अंजाम देने के फिराक में थे। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करके रिमांड पर लिया जाएगा।

### खुलासा : दो हत्याएं और करने की फिराक में थे बदमाश



रोहतक। पत्रकारों से बातचीत करते एसपी सुरेंद्र सिंह भौरिया। फोटो : हरिभूमि

### पुलिस ने आरोपियों को पूछताछ के लिए रिमांड की योजना बनाई

### चिंता : गैंग से जुड़कर नाबालिगों ने थामे हथियार, एक की पहचान

#### समचाना का राहुल भाऊ गैंग से जुड़ा

एसपी सुरेंद्र सिंह भौरिया ने बताया कि पुलिस ने छापेमारी के दौरान दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक की पहचान समचाना निवासी राहुल के रूप में हुई है, जोकि भाऊ गैंग से जुड़ा हुआ है। जबकि दूसरा आरोपी नाबालिग है। एसपी के अनुसार, आरोपियों के कब्जे से चार पिस्टल बरामद की गई हैं। पूछताछ में खुलासा हुआ है कि वे दो अन्य हत्याओं की साजिश भी रच रहे थे। एक वारदात काहनी क्षेत्र में और दूसरी सोनीपत के गांव रूखी में अंजाम देने की योजना थी। इसके अलावा, कुछ शराब ठेकों पर फायरिंग कर दहशत फैलाने की भी योजना बनाई गई थी। राहुल के खिलाफ पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज बताए जा रहे हैं। फिलहाल आरोपियों से गहन पूछताछ जारी है।

- पुलिस का दावा, सभी आरोपियों की पहचान हुई अभी और होंगी गिरफ्तारियां, दोषियों को छोड़ेंगे नहीं
- बाबा व भाऊ गैंग के बीच 2019 से चल रही दुश्मनी, कई लोगों की जा चुकी जान

#### शहर में बढ़ाई सुरक्षा

इस हत्या के बाद पुलिस ने शहर में सुरक्षा कड़ी कर दी है। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है और दोनों गैंगों से जुड़े संदिग्धों पर नजर रखी जा रही है। एसपी ने कहा कि गैंगवार पर नियंत्रण के लिए विशेष रणनीति तैयार की गई है। सभी फरार आरोपियों की पहचान कर ली गई है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। *-सुरेंद्र सिंह भौरिया, एसपी*

#### दिल्ली बाइपास पर नोबल हार्ट हॉस्पिटल के बाहर की थी ताबड़तोड़ फायरिंग

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तीन हमलावरों ने अस्पताल के बाहर दिनेश पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं। हमले में उसे संभलने का कोई मौका नहीं मिला और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाशों ने हवाई फायरिंग भी की, जिससे क्षेत्र में दहशत फैल गई। घटना के समय वहां मौजूद लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते नजर आए। पुलिस ने घटनास्थल से कई खाली खोखे बरामद किए हैं। सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई और त्वरित कार्रवाई करते हुए दो लोगों को हिरासत में लिया गया।

### शिमली-बालंद लिंक रोड पर सीआईए-1 टीम ने आरोपी के पैर में मारी गोली, देसी पिस्तौल व कारतूस बरामद

रोहतक। दिल्ली बाइपास पर हुए दिनेश उर्फ गोगा हत्याकांड में वारदात के मुख्य सूत्रधार और गैंग के सरगना साहिल उर्फ सुखा को सीआईए-1 स्टाफ ने मुठभेड़ के बाद काबू कर लिया। मुठभेड़ के दौरान आरोपी के दाहिने पैर में गोली लगी है। घायल अवस्था में उसे (पीजीआईएमएस) रोहतक में भर्ती कराया गया है। पुलिस की टीमें लगातार छापेमारी की जा रही थी। इसी कड़ी में सीआईए-1 प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह को पुख्ता सूचना मिली कि वारदात में शामिल मुख्य आरोपी शिमली-बालंद लिंक रोड पर मौजूद है। सूचना के आधार पर टीम ने घेराबंदी कर संदिग्ध युवक को रुकने का इशारा किया। पुलिस के अनुसार युवक ने खुद को घिरता देख जान से मारने की नीयत से सीधे पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाब में पुलिस ने पहले सरेंडर की चेतावनी दी और हवाई फायर किया।

#### पुलिस पर फायरिंग की तो दिया जवाब

पुलिस का कहना है कि आरोपी लगातार भागने और फायरिंग करने का प्रयास कर रहा था। ऐसे में आत्मरक्षा में पुलिस ने पैर की ओर निशाना साधकर गोली चलाई, जो युवक के दाहिने पैर में लगी। घायल होने के बाद उसे मौके पर काबू कर लिया गया। तलाशी लेने पर आरोपी के पास से एक देसी पिस्तौल और दो जिंदा रौंद बरामद किए गए।

#### रोहतक के एक प्रमुख गैंग का सरगना

आरोपी की पहचान साहिल उर्फ सुखा पुत्र बिजेंद्र निवासी गांव रिटोली के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि वह रोहतक के एक प्रमुख गैंग का सरगना है और दिनेश उर्फ गोगा की हत्या का मुख्य सूत्रधार भी वही है। पुलिस के अनुसार उसने अपने साथियों के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची और वारदात को अंजाम दिलवाया।



#### विभिन्न धाराओं में केस दर्ज

मामले में थाना शिवाजी कॉलोनी में पुलिस पार्टी पर जानलेवा हमला, अवैध हथियार रखने व प्रयोग करने तथा सरकारी कार्य में बाधा डालने समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। वहीं दिनेश उर्फ गोगा हत्याकांड को लेकर थाना अर्बन एस्टेट में पहले से ही अभियोग दर्ज है।

### निंदाना फायरिंग : पुलिस के हाथ लगी सफलता

## दहशत फैलाने के मकसद से चलाई गोलियां, दो आरोपियों को दबोचा

रोहतक। जिले के महम क्षेत्र के निंदाना गांव में हुए फायरिंग प्रकरण में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के बाद से क्षेत्र में फैली दहशत को देखते हुए पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया और गहन जांच के बाद आरोपियों तक पहुंचने में सफलता हासिल की। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया है, जबकि अन्य संदिग्धों की तलाश जारी है।

#### घर के बाहर बैठे व्यक्ति को बनाया था निशाना

जानकारी के अनुसार, यह घटना 28 जनवरी की बताई जा रही है। निंदाना निवासी सूरज ने महम थाने में शिकायत दर्ज करवाई थी कि वह अपने घर के बाहर बैठे हुए थे, तभी कुछ युवक वहां पहुंचे। शिकायत के मुताबिक, साहिल, रवि, मोहित, नितिन, राहुल, अक्षय और उनके कुछ अन्य साथी मौके पर आए और माहौल में डर पैदा करने की कोशिश की। युवकों की मंशा को भांपते हुए सूरज तुरंत अपने घर के अंदर चले गए। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ कि आरोपियों की नीयत दहशत फैलाने और जान से मारने की धमकी देने की थी। हालांकि उस समय कोई सीधा टकराव नहीं हुआ, लेकिन हालात तनावपूर्ण बने रहे।

**तीन गाड़ियों में लौटे आरोपी :** शिकायत के मुताबिक, कुछ समय बाद वही युवक तीन अलग-अलग गाड़ियों में सवार होकर दोबारा मौके पर पहुंचे। इस दौरान सूरज ने गली में गाड़ी रोकने की कोशिश की, लेकिन आरोपियों ने वाहन को दूसरी दिशा में मोड़ दिया। बताया जा रहा है कि उन्होंने स्कूल वाली गली की ओर गाड़ी ले जाकर रोक दी। इसके बाद आरोपियों ने वाहन से उतरकर दो राउंड फायर किए।

### पोलंगी डबल मर्डर : कई संदिग्धों की पहचान

## दो आरोपी रणधीर और अमित गिरफ्तार, गांव में तनाव बरकरार

रोहतक। गांव पोलंगी में दो सगे भाइयों की हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। जांच के बाद पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जिनकी पहचान रणधीर और अमित के रूप में हुई है। अन्य संदिग्धों की पहचान भी कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। इस सनसनीखेज वारदात ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया है। गांव में अभी भी तनाव बरकरार है।

#### परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

मृतकों की पहचान गांव निवासी जयनारायण के बेटों कर्मबीर और कुलदीप के रूप में हुई है। जयनारायण के कुल छह बेटे थे, जिनमें से तीन की पहले ही अलग-अलग कारणों से मौत हो चुकी थी। अब इस हमले में दो और बेटों की जान चली गई। परिवार में अब केवल जगमेंद्र उर्फ नन्हा ही जीवित बचा है, जिसने हमले के दौरान किसी तरह मौके से भागकर अपनी जान बचाई।

#### 2024 की घटना से जुड़ी थी रंजिश

जगमेंद्र के अनुसार, वर्ष 2024 में गांव के ही एक युवक सन्नी ने ट्रैक्टर से उसे और उसके भाई कर्मबीर को टक्कर मार दी थी। उन्होंने इसे जानलेवा प्रयास बताते हुए संबंधित थाने में मामला दर्ज कराया था। आरोप है कि उसी मामले को लेकर रणधीर और उसके परिजन रंजिश रखते थे। जगमेंद्र का कहना है कि मुकदमा वापस लेने के लिए उन पर लगातार दबाव बनाया जा रहा था। परिवार को कई बार धमकियां भी दी गईं, लेकिन उन्होंने केस वापस लेने से इनकार कर दिया। इसी वजह से दोनों परिवारों के बीच तनाव बना हुआ था।

#### शक के चलते रची हमले की साजिश

एसपी सुरेंद्र सिंह भौरिया ने बताया कि गांव से एक किशोरी के लापता होने की घटना सामने आई थी। आरोपियों को शक था कि इस मामले में मृतक भाइयों का हाथ हो सकता है। इसी शक के चलते उन्होंने हमला करने की साजिश रची। एसपी ने बताया कि वारदात को अंजाम देने के लिए धारदार हथियारों का इस्तेमाल किया गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि घटना पूर्व नियोजित हो सकती है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है और वारदात में प्रयुक्त तलवार को बरामद करने की प्रक्रिया चल रही है। पुलिस ने कहा कि मामले में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं। संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

## कानून व्यवस्था चरमराई, विस सत्र में लाएंगे विशेष प्रस्ताव : भूपेंद्र हुड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है और हर आदमी असुरक्षित महसूस कर रहा है। सिर्फ वहीं सुरक्षित है, जिसे कोई मारना नहीं चाहता। केंद्र सरकार की रिपोर्ट के अनुसार हरियाणा देश का सबसे असुरक्षित राज्य है। वे मंगलवार को अपने निवास स्थान पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। हम विधानसभा के सत्र में कानून व्यवस्था पर विशेष प्रस्ताव लेकर आएंगे और जोरशोर से मुद्दा उठाकर सरकार से जवाब मांगेंगे। प्रदेश में लगातार संगठित अपराध (ऑर्गेनाइज्ड क्राइम) के मामले सामने



आ रहे हैं। प्रदेश में 80-90 से ज्यादा गैंग सक्रिय हैं, जो अपराध को अंजाम देकर क्लेम भी करती हैं। इन गिरोह का सफाया होना जरूरी है। गुहला चीका के विधायक के मामले का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार का कानून व्यवस्था पर कोई नियंत्रण नहीं है। एक विधायक ने अधिकारी को झुनझुना दिखाकर सरकार की विफलता गिनवाई तो उसके खिलाफ एफआईआर कर दी गई।

### नशा तस्कर को छह साल की कैद और जुर्माना

रोहतक। अतिरिक्त जिला सत्र न्यायाधीश कपिल राठी की अदालत ने नशीले पदार्थ बेचने के मामले में सुनवाई करते हुए तस्करी के आरोपी को दोषी करार दिया। जिसे छह साल कैद की सजा सुनाई गई। साथ ही 40 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया है अदायगी न किए जाने पर उसे एक साल की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। थाना पुरानी सब्जी मंडी पुलिस 7 जून 2021 को कसाई चौक पर मौजूद थी। नरेश निवासी गढ़ी मोहल्ला नशीला पदार्थ बेचने का काम करता है जो आज भी नशीला पदार्थ हेरोइन लेकर प्रताप चौक की तरफ जा रहे व्यक्ति को काबू कर नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम नरेश पुत्र संजय निवासी गढी मोहल्ला रोहतक बताया। उसके जेब से करीब 30.5 ग्राम हेरोइन जब्त कर केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की। आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। दोनों पक्षों के सबूतों को देखते हुए कोर्ट ने सजा सुनाई है।

- जून 2021 में 30 .5 ग्राम हेरोइन के साथ पकड़ा था

### महम में शराब ठेकेदार पर जानलेवा हमला थार गाड़ी छीनकर फरार, 8 युवकों पर केस

महम। महम में शराब कारोबारी के साथ जानलेवा हमला करने और गाडी छीनने की वारदात सामने आई है। इस संबंध में महम थाने में 8 युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पीड़ित ने इस संबंध में महम शहर पुलिस चौकी में शिकायत दी है। पुलिस को दी शिकायत में भैणीसुरजन गांव निवासी रोहित पुत्र मुकेश ने बताया कि वह शराब ठेकेदार है। वह महम में अशोक नगर और पुराना बस स्टैंड के शराब ठेके का हिस्सेदार है। गत रात्रि करीब 9 बजे वह अशोक नगर अपने ऑफिस से 70 हजार रुपये कैश लेकर पुराने बस स्टैंड ठेके पर जा रहा था। जब वह चौबीसी चबूतरे के पास हुक्का चौक पर पहुंचा तो वहां पर झगड़ा देकर रुक गया। गाड़ी रुकते ही भराण गांव निवासी रवि उर्फ लांडा और पांच सात अन्य लड़के उसकी गाड़ी की तरफ आए। रवि ने उसकी गाड़ी के शीशे पर डंडा मारा। वह कारण पूछने के लिए गाड़ी से नीचे उतरा तो रवि उर्फ लांडा ने उसके सिर पर डंडा मारा। उसके बाद अन्य लड़कों ने भी उसको लात घूसे और डंडे मारे। इस वारदात में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वह घायल अवस्था में सड़क पर गिर गया। हमलावर उसकी थार गाड़ी को लेकर मौके से फरार हो गए। उसकी गाड़ी में उसका एक आईफोन, एक पर्स (5000 नकदी समेत), एक कड़ा, एक घड़ी भी थे। पुलिस की 112 नंबर गाड़ी मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस ने उसे घायल अवस्था में महम के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया।

- हुक्का चौक पर झगड़ा देखकर गाड़ी रोकी तो कर दी वारदात

## एमडीयू में वाहन टकराने के बाद छात्रों के 2 गुट भिड़े

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) परिसर में दो छात्र गुटों के बीच मामूली कहासुनी ने अचानक गंभीर रूप ले लिया। दोपहर के समय किसी बात को लेकर दो छात्रों के बीच बहस शुरू हुई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों के अन्य छात्र भी मौके पर पहुंच गए। कुछ ही देर में वहां छात्रों की भीड़ एकत्रित हो गई और स्थिति तनावपूर्ण बन गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कहासुनी के दौरान दोनों पक्षों में धक्का-मुक्की और हाथापाई भी हुई। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी छात्र को गंभीर चोट नहीं आई। विश्वविद्यालय परिसर में मौजूद अन्य छात्रों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराने का प्रयास किया।



#### कार से टक्कर मारने का प्रयास

घटना के दौरान एक छात्र द्वारा कार से दूसरे छात्र को टक्कर मारने का प्रयास किए जाने की बात सामने आई है। बताया जा रहा है कि वरना कार चालक ने गुस्से में वाहन आगे बढ़ाया, लेकिन लक्षित छात्र समय रहते हट गया। घटना के बाद परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कुछ ही देर में स्थिति नियंत्रण में आ गई छात्र लौट गए।

### उच्चतर शिक्षा विभाग ने लगाई रोक, पूर्व में हुई नियुक्तियों पर भी गहराया विवाद

## कार्यकारी परिषद की बैठक पर सरकार और एमडीयू आमने-सामने

**छात्रों को मुफ्त शिक्षा व हॉस्टल देने का भी था प्रस्ताव**

- बैठक में करीब 100 असिस्टेंट प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर प्रोफेसर और सीनियर प्रोफेसर में पदोन्नति भी की जानी थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा सरकार के उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा जारी आधिकारिक पत्र के माध्यम से महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) रोहतक में बुधवार को होने वाली विश्वविद्यालय की 304वीं कार्यकारी परिषद (ईसी) की बैठक को स्थगित करने के आदेश जारी किए हैं। सरकारी पत्र के अनुसार, यह विवाद विश्वविद्यालय द्वारा सरकार के निर्देशों की अनदेखी करने से शुरू हुआ। सरकार ने स्पष्ट रूप से विश्वविद्यालय प्रशासन को निर्देशित किया है कि उक्त बैठक को अगले आदेशों तक स्थगित किया जाए। हालांकि, देर रात तक विश्वविद्यालय ने बैठक स्थगित करने पर कोई निर्णय नहीं लिया है। उच्चतर शिक्षा विभाग ने ने विश्वविद्यालय को 302वीं बैठक स्थगित करने की सलाह दी थी, लेकिन विश्वविद्यालय ने फिर भी बैठक आयोजित की। उच्चतर शिक्षा विभाग ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि आगामी फैसले तक कोई भी नियुक्ति पत्र जारी न किए जाएं और न ही किसी को जॉइनिंग कराई जाए। इसके बावजूद विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्ति पत्र जारी किए गए, जिसे सरकार ने निर्देशों का उल्लंघन माना है। सरकार ने 302वीं बैठक की कार्यवाही को मंजूरी देने से इनकार कर दिया है और उस बैठक में लिए गए किसी भी निर्णय पर कार्रवाई न करने का आदेश दिया है। विश्वविद्यालय प्रशासन 18 फरवरी को होने वाली 304वीं बैठक में एजेंडा नंबर 1 के तहत विवादित 14 जनवरी को हुई 302वीं बैठक के मिनट्स की पुष्टि करने वाला था। उच्च शिक्षा विभाग ने इसे गंभीरता से लेते हुए आगामी आदेशों तक बैठक को तुरंत प्रभाव से टालने का निर्देश दिया है। इस एजेंडे के तहत नई ज्वाइनिंग और नियुक्ति पत्र जारी करने के एमडीयू के फैसले पर मुहर लगाना था। जारी एजेंडे के मुताबिक इस बैठक में करीब 100 असिस्टेंट प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, प्रोफेसर और सीनियर प्रोफेसर में पदोन्नति भी की जानी थी। साथ ही दिव्यांग व गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) के होनहार छात्रों को मुफ्त शिक्षा व हॉस्टल सुविधा देने का प्रस्ताव भी था।

### केवल दो रेडियोलॉजिस्ट सम्भाल रहे व्यवस्था, रोजना 600 की आती है डिमांड

*मशीनों की नहीं, विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी के कारण आ रही परेशानी*

## पीजीआईएमएस में अल्ट्रासाउंड के लिए छह माह तक की वेटिंग, रोजाना 150 मरीजों को ही मिल रही सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पीजीआईएमस में रेडियोलॉजिस्ट की भारी कमी के कारण अल्ट्रासाउंड सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। संस्थान में मशीनों की कमी नहीं है, लेकिन विशेषज्ञ डॉक्टरों की संख्या बेहद सीमित होने से रोजाना केवल करीब 150 अल्ट्रासाउंड ही हो पा रहे हैं, जबकि मांग लगभग 600 प्रतिदिन की है। नतीजतन, कई मरीजों को तीन से छह माह तक की लंबी वेटिंग झेलनी पड़ रही है। हालांकि आपातकालीन मरीजों को तत्काल अल्ट्रासाउंड की सुविधा मिली हुई है। पीजीआई प्रदेश का प्रमुख स्वास्थ्य संस्थान है, जहां रोहतक के अलावा झज्जर, सोनीपत, भिवानी, जींद, हिसार, सिरसा, पानीपत,



रोहतक। पीजीआईएमएस में अल्ट्रासाउंड करवाने का इंतजार करते हुए मरीज। *फोटो : हरिभूमि*

करनाल, कैथल, यमुनानगर, महेंद्रगढ़, गुरुग्राम, चरखी दादरी और आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं। पेट दर्द, पथरी, लिवर, किडनी, गर्भावस्था और अन्य आंतरिक रोगों की जांच के लिए चिकित्सक अक्सर अल्ट्रासाउंड लिखते हैं। ऐसे में रेडियोलॉजी विभाग पर लगातार दबाव बना हुआ है। यहां रोजाना 600 से ज्यादा मरीज अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए आ रहे हैं।जिनमें से रोजाना मात्र 150 आवेदन ही स्वीकार किए जाते हैं। जो बच जाते हैं उन्हें अगले दिन के लिए वेटिंग में रखा जाता है। सूत्रों के अनुसार वर्तमान में विभाग की पूरी व्यवस्था केवल दो रेडियोलॉजिस्ट संभाल रहे हैं। इतनी बड़ी संख्या में आने वाले मरीजों के मुकाबले यह संख्या नाकाफी है।

#### निजी अस्पतालों में महंगा अल्ट्रासाउंड


रोहतक में अल्ट्रासाउंड की भारी मांग है। सरकारी संस्थानों में कम शुल्क होने के कारण यहां मरीजों की भीड़ रहती है। पीजीआई में अल्ट्रासाउंड का शुल्क मात्र 50 रुपये है, जबकि निजी अस्पतालों में इसी जांच के लिए 700 से 1200 रुपये तक वसूले जा रहे हैं। निजी अस्पतालों में प्रतिदिन तीन हजार से अधिक अल्ट्रासाउंड किए जा रहे हैं। आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के लिए निजी केंद्रों पर जांच कराना कठिन साबित हो रहा है।

#### प्राइवेट में 1200 तक ले रहे

अल्ट्रासाउंड की रोहतक में बहुत डिमांड है। सरकारी संस्थान हो या प्राइवेट, चिकित्सक पेट की समस्या लेकर आने वाले मरीजों को अल्ट्रासाउंड के लिए लिखते हैं। प्राइवेट अस्पतालों में रोजाना तीन हजार से अधिक अल्ट्रासाउंड किए जा रहे हैं। जिसके लिए 700 रुपये से 1200 रुपये तक वसूले जा रहे हैं।

#### संख्या बढ़ाई जाएगी

वर्तमान में केवल दो रेडियोलॉजिस्ट कार्यरत हैं। अल्ट्रासाउंड की संख्या बढ़ाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। साथ ही विभाग में कई सीनियर रेजिडेंट्स की भी नियुक्ति की गई है, जिससे कार्य में तेजी लाई जा सके। मरीजों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी और सेवाओं को सुचारु करने के प्रयास जारी हैं।
-डॉ. एसके सिंघल, निदेशक, पीजीआईएमएस



# ऑस्कर विनर एक्टर के लिए अनुपम ने लिखा भावुक पोस्ट

**मुंबई।** हॉलीवुड के मशहूर एक्टर, फिल्म प्रोड्यूसर और ऑस्कर विनर रॉबर्ट डुवैल का 95 साल की उम्र में निधन हो गया। रॉबर्ट डुवैल ने 'द गॉडफादर' जैसी कल्ट फिल्म में अपनी दमदार एक्टिंग से दुनिया भर में पॉपुलैरिटी बटोरी थी। एक्टर अनुपम खेर ने रॉबर्ट डुवैल के निधन पर दुख जताया। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर रॉबर्ट डुवैल की तस्वीरें पोस्ट करते हुए लिखा, 'रॉबर्ट डुवैल ऐसे एक्टर थे, जिन्हें ध्यान खींचने के लिए कभी शोर की जरूरत नहीं पड़ी। शांत, सटीक और बहुत सच्चे... वह हर रोल में जबरदस्त गहराई लेकर आए और पर्दे पर कमाल की छाप छोड़ी।

लाइफ Style

# मोना

## स्टार को बीमा पॉलिसी समझते हैं मेकर्स

एजेंसी ▶▶ मुंबई

टीवी की जस्सी के नाम से मशहूर अभिनेत्री मोना सिंह अब इंडस्ट्री की सबसे बिजी अभिनेत्रियों में से एक हैं। वो फिल्मों के साथ-साथ वेब सीरीज में भी लगातार काम कर रही हैं। हाल ही में मोना सिंह नेटफ्लिक्स की सीरीज कोहरा के दूसरे सीजन में नजर आई हैं।

लगातार फिल्मों और सीरीज में अहम भूमिकाएं निभाने के बावजूद मोना सिंह का कहना है कि प्रोड्यूसर्स उनके नाम पर 100 करोड़ रुपए के बजट की फिल्म बनाने का जोखिम नहीं उठाना चाहते। मोना सिंह ने अपने कॅरियर के उस मुकाम पर होने की बात की, जहां वह आसानी से प्रोजेक्ट्स को ठुकरा नहीं सकतीं। अभिनेत्री ने कहा कि यह मेरे द्वारा लिए गए फैसलों की वजह से ही है कि मैं यहां हूं। मैंने प्रासंगिक बने रहने और अपने सिद्धांतों पर कायम रहने की कोशिश की है। इसलिए मैंने कई प्रोजेक्ट्स को मना किया है। हालांकि, मना करना कभी आसान नहीं होता। मुझे लगता है कि जीवन में मुझे पता है कि मैं क्या नहीं चाहती। यह स्पष्टता अब मेरे भीतर है।अभिनेत्री ने आगे कहा कि निर्माता सितारों को एक बीमा पॉलिसी की तरह देखते हैं, ताकि उन्हें अपना पैसा वापस मिल सके। पोस्टर पर एक स्टार बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की गारंटी देता है। फिल्म निर्माण आखिरकार एक व्यवसाय है। आप जानते हैं कि आप निवेश कर रहे हैं और आपको उससे कहीं अधिक पैसा वापस मिलने की उम्मीद है। दूसरी ओर किरदार सिर्फ सर्विस प्रोवाइडर बनकर रह जाते हैं। यही सच्चाई है। अगर आप मेरी मुख्य भूमिका वाली 100 करोड़ रुपए की फिल्म की बात कर रहे हैं, तो मुझे ऐसा होता हुआ नहीं दिख रहा है।



## हॉलीवुड मसाला




# डैनी के साथ शेयर की तस्वीरें

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता ड्वेन जॉनसन ने फिल्म 'जुमांजी 3' की शूटिंग को लेकर अहम जानकारी सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की हैं। फैंस के बीच 'द रॉक' के नाम से मशहूर ड्वेन ने फिल्म के सेट से कुछ खास तस्वीरें शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। 17 फरवरी को ड्वेन जॉनसन ने इंस्टाग्राम पर एक भावुक पोस्ट शेयर कर बताया कि फिल्म 'जुमांजी 3' के लिए उनके सह-कलाकार डैनी डेविटो की शूटिंग पूरी हो गई है। उन्होंने डैनी और केविन हार्ट के साथ कुछ तस्वीरें शेयर कीं।



# स्पाई-थ्रिलर सीरीज तेहरान से मिली थी पहचान...

**लॉस एंजिल्स।** इस्राइली प्रोड्यूसर डाना ईडन का 52 साल की उम्र में निधन हो गया है। डाना एक होटल में मृत अवस्था में पाई गईं। वो एमी पुरस्कार विजेता जासूसी थ्रिलर 'तेहरान' की सह-निर्माता थीं। इस्राइल के पब्लिक ब्रॉडकास्टर 'कान' ने डाना ईडन के निधन की जानकारी दी है। इसके मुताबिक, वो ग्रीस में 'तेहरान' के चौथे सीजन की शूटिंग कर रही थीं। डाना ईडन को इस्राइल की सबसे सफल और प्रभावशाली टेलीविजन प्रोड्यूसर्स में गिना जाता था। वह हिट सीरीज 'तेहरान' की सह-निर्माता और क्रिएटर थीं। उन्होंने अपने करियर में कई चर्चित टीवी प्रोजेक्ट्स पर काम किया। जिनमें 'सेविंग्स द वाइल्डलाइफ', 'शी हैज इट', 'मैगपाई' और 'शाकशौका' जैसे शोज के जरिए उन्होंने अपनी पहचान बनाई। डाना ईडन ने अपने प्रोफेशनल पार्टनरशिप प्रोड्यूसर शूला स्पीगल के साथ मिलकर डोना और शुला प्रोडक्शंस की स्थापना की थी।



# आगे खिसकी गबरू की रिलीज डेट...


**मुंबई।** सनी देओल अभिनीत फिल्म 'बॉर्डर 2' बॉक्स ऑफिस पर जबर्दस्त तरीके से सफल हुई है। इस बीच वे अपने आगामी प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में हैं, जिनमें फिल्म 'गबरू' का भी नाम है। पहले यह फिल्म मार्च में रिलीज होने वाली थी। मगर, अब दर्शकों को इसके लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा। रिलीज डेट में बदलाव किया गया है। शशांक उदयपुरकर निर्देशित यह फिल्म पहले 13 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। मगर, अब इसमें बदलाव कर दिया गया है। यह फिल्म 8 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। हाल ही में सनी देओल ने 'गबरू' को अपने दिल के सबसे करीब फिल्मों में से एक बताया। रणवीर सिंह की 'धुरंधर 2' और यश की 'टॉक्सिक' 19 मार्च को रिलीज हो रही हैं। फिल्म 'गबरू' को विशाल राणा और ओम छंगानी के प्रोड्यूस किया है।



# तुम्बाड 2 के लिए विलेन की तलाश जारी

**मुंबई।** साल 2018 में रिलीज हुई सोहम शाह की हॉरर फिल्म तुम्बाड थिएटर के बाद डिजिटल पर जबरदस्त रिएक्शन मिला था। फिल्म की कहानी, एक्टिंग ने ऑडियंस और गहरी छाप छोड़ी थी। अब सोहम शाह इस तुम्बाड 2 बना रहे हैं। फिल्म पर काम इस साल की शुरुआत में शुरू हो गया है। अब विलेन के सिलेक्शन पर काम चल रहा है। ताजा रिपोर्ट की मानें तो तुम्बाड 2 के लिए धुरंधर के रहमान डकैत अक्षय खन्ना और नवाजुद्दीन सिद्दीकी का नाम सामने आ रहा है। दोनों में से कोई एक हॉरर फिल्म का विलेन बन सकता है। इस फिल्म से जुड़े सूत्र ने एक पोर्टल को जानकारी देते हुए बताया है कि तुम्बाड 2 में एक पावरफुल विलेन का किरदार अहम है। फिल्म की कहानी इसी किरदार के इर्द गिर्द रची गई है। इस विलेन का किरदार इंटेस और कई परतों से बना हुआ है।

## टीवी मसाला



# फिल्म की शूटिंग खत्म करते ही शादी के बंधन में बंधेंगी...

**नई दिल्ली।** कृतिका कामरा और गौरव कपूर इस मार्च शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। शादी से पहले दोनों अपने-अपने प्रोफेशनल कमिटमेंट्स को पूरा करने में व्यस्त हैं, ताकि जश्न के दौरान वे पूरी तरह फ्री रह सकें। कृतिका अपनी नई फिल्म की शूटिंग खत्म करने में जुटी हैं, जबकि गौरव एक बड़े स्पोर्ट्स टीवी और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री की जानी-मानी जोड़ी कृतिका कामरा और गौरव कपूर अपने जीवन के सबसे खास पड़ाव की ओर बढ़ रहे हैं। दोनों इस मार्च शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं और जैसे-जैसे तारीख नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे उनकी जिंदगी में उत्साह बढ़ते नजर आ रहे हैं। शादी से पहले दोनों अपने-अपने प्रोफेशनल कमिटमेंट्स को पूरा करने में पूरी तरह जुटे हुए हैं, ताकि जब जश्न का समय आए तो वे बिना किसी चिंता के हर पल को जी सकें। कृतिका इन दिनों एक इंडिपेंडेंट फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। यह प्रोजेक्ट लगातार चलने वाले शेड्यूल में शूट हो रहा है और उम्मीद है कि मार्च के पहले सप्ताह तक इसका काम पूरा हो जाएगा। लंबे शूटिंग घंटों के बावजूद कृतिका शादी की तैयारियों पर भी उतना ही ध्यान दे रही हैं। उनके करीबी बताते हैं कि वह चाहती हैं कि शादी के समय उनका कैलेंडर पूरी तरह खाली हो, ताकि वह इस नए सफर की शुरुआत पूरे सुकून और खुशी के साथ कर सकें। वहीं, गौरव कपूर भी अपने काम में व्यस्त हैं। वह इन दिनों एक बड़े स्पोर्ट्स इवेंट की मेजबानी कर रहे हैं और लगातार शूट व लाइव शेड्यूल में व्यस्त हैं।

## अवनीत कौर का मिस्ट्री मैन कौन

**नई दिल्ली।** अवनीत कौर ने इस वैलंटाइंस डे पर एक ऐसी तस्वीर शेयर की जिसके बाद से उनके मिस्ट्री मैन को लेकर चर्चा शुरू हो गई है।



हालांकि, अवनीत ने वो पोस्ट डिलीट तो कर दिया लेकिन अब वो सवालों के घेरे में फंस गई हैं। पहले तो उन्होंने वैलंटाइंस डे पर सरेआम प्यार का इजहार किया और फिर अपनी वो पोस्ट डिलीट कर डाली। बताया जा रहा है कि ये मिस्ट्री मैन कोई और नहीं, बल्कि राघव शर्मा हैं। हालांकि, भले अवनीत ने वो फोटो डिलीट कर दी लेकिन अब चर्चा है कि क्या एक्ट्रेस राघव शर्मा को डेट कर रही हैं? बताया जा रहा है कि राघव देसी म्यूजिक फैक्ट्री के को-फाउंडर हैं, जो साल 2022 से अवनीत के साथ अपने रिलेशनशिप को लेकर खबरों में हैं। एक्ट्रेस ने पहले तो पोस्ट किया लेकिन इसे लेकर शुरू होते बवाल को देखते हुए उन्होंने ये सबूत मिटाने की कोशिश की। हालांकि, तब तक ये झलक चारों तरफ फैल चुकी थी। उस तस्वीर में अवनीत डाइनिंग टेबल के दूसरी तरफ बैठे एक शख्स का हाथ पकड़े नजर आ रही थीं और जैसे ही उन्होंने ये पोस्ट किया लोगों ने स्क्रीनशॉट रख लिए थे।

# अभिषेक अब शाहरुख की किंग में आएंगे नजर...


**मुंबई।** अभिषेक बच्चन ने अपने नए लुक को लेकर बात की और बताया है कि ये शाहरुख खान की अपकमिंग फिल्म 'किंग' का हिस्सा है। अब एक्टर के इस नए लुक पर लोग जमकर कॉमेंट करते दिख रहे हैं। अभिषेक बच्चन ने शाहरुख की फिल्म का हिस्सा बनने की बात खुद कही है। पिछले दिनों एक इंटरव्यू मं अपने बदले हुए लुक पर बातें करते हुए अभिषेक बच्चन ये ये बातें बताई हैं। अब फिल्म 'किंग' में उनकी भूमिका को लेकर फैंस काफी एक्साइटेड दिख रहे हैं। इसके अलावा लोगों ने उनके इस लुक की तारीफ भी की है। सुपरस्टार शाहरुख खान अपनी अगली मी फिल्म 'किंग' के साथ एक बार फिर बड़े पर्दे पर अपना जादू बिखेरने के लिए तैयार हैं। 'जवान' के बाद आ रही



शाहरुख की इस फिल्म में कई बॉलीवुड सितारे दिखेंगे, जिसे लेकर अब अभिषेक बच्चन ने भी कन्फर्म कर दिया है। अभिषेक बच्चन ने 'किंग' में अपनी भूमिका पर भी बात की। उन्होंने हाल में आयोजित 'ग्लोबल बिजनेस समिट 2026' के एक सेशन के दौरान अपने नए हेयरस्टाइल को लेकर बातें की। जब उनसे उनके नए लुक के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, 'मुझे इस बात की खुशी है कि आपने मेरे बदले हुए लुक पर ध्यान दिया। जी हां, मैं फिलहाल अपनी नई फिल्म किंग की शूटिंग कर रहा हूं।' हालांकि उनसे ये भी पूछा गया कि क्या वो इस फिल्म के बारे में और बातें करना पसंद करेंगे? इसपर एक्टर ने ना में जवाब दिया और फिल्म के बारे में और कुछ कहने से साफ इनकार कर दिया।

# अधूरी मोहब्बत की ताकत : सैड एंडिंग वाली फिल्में होती हैं सुपरहिट

**नई दिल्ली।** आज तक हम इस दुख में हैं कि गजनीमें कल्पना को अंत तक नहीं पता चल पाया कि सचिन ही संजय सिंहानिया है। हमें आज भी अफसोस होता है कि आमिर खान क्यों सही वक्त पर पहुंचकर आसिन को नहीं बचा पाए। तेरे नाम में जब राधे पागलखाने पहुंच जाता है और निर्जरा जहर पी लेती है, तो हम अंदर तक दुखी हो जाते हैं। रांझणा में कुंदन का जोया के लिए आखिरी मोनोलॉग आज भी तीर की तरह हमें चुभता है। सनम तेरी कसम में सरस्वती को मरते देख हम सब आंसू बहाते हैं। कल हो ना हो में शाहरुख खान का किरदार अमन माथुर चल बसता है, लेकिन हम आज भी उस फिल्म को याद करते हैं। सदमा में जब ट्रेन से श्रीदेवी चली जाती हैं तो पीछे कमल हासन का छूटना हमें आज भी सताता है। हम दिल दे चुके सनम में सलमान खान के किरदार को तड़पते देख





हम भी दर्द महसूस करते थे, मगर ये सारी फिल्में सुपरहिट रहीं। एक विलेन, आशिकी 2, लैला मजनूं, मोहब्बतें जैसी तमाम फिल्में हैं, जिनमें हीरो या हीरोइन या दोनों की मौत हो जाती है, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर ये फिल्में शानदार प्रदर्शन करती हैं।

***लेकिन सवाल है:*** जब इन फिल्मों को देखकर हम अंदर तक दुखी हो जाते हैं, फिर भी ये सैड एंडिंग वाली फिल्में सुपरहिट क्यों होती हैं? चलिए समझने की कोशिश करते हैं।

क्यों सुरक्षित रिश्ते लगते हैं बोरिंग, 'रजनीगंधा'ने 52 साल पहले समझा दिया था । इश्क दर्द और सिनेमा

***अधूरी मोहब्बत का आकर्षण :*** जब कोई प्यार पूरी तरह से पूरा नहीं होता या हमें हासिल नहीं हो पाता, तो हमारा दिमाग उसे खास मानने लगता है। साइक्लॉजी में इसे 'अप्राप्य वस्तुओं का आदर्शवाद' कहा जाता है। मतलब, जो चीज मुश्किल या नामुमकिन लगती है, हमारा दिमाग उसे ज्यादा परफेक्ट और रोमांटिक मानता है। इसलिए देवदास, रांझणा, सनम तेरी कसम जैसी अधूरी मोहब्बत की कहानी हमें ज्यादा याद रहती है और दिल को छू जाती है। हमारा अचेतन इसे आइडियल मानता है।

जैसा हरिवंश राय बच्चन ने मधुशाला में लिखा- 'प्यार नहीं पा जाने में है, पाने के अरमानों में! पा जाता तब, हाय, न इतनी प्यारी लगती मधुशाला।' यानी, हासिल करने में प्यार उतना खास नहीं लगता जितना उसे पाने की तड़प में।

## एक के लिए तो गिनीज बुक में दर्ज हो चुका है नाम

# सिर्फ भारतीय फिल्मों में होती हैं ये 7 अजीब चीजें

*__नई दिल्ली।__ बात जब फिल्मों की आती है तो हम अक्सर बातें करते हैं कि बॉलीवुड वाले हॉलीवुड के टक्कर की फिल्में नहीं बना पाते हैं। कभी वीएफक्स तो कभी कोरियन सिनेमा जैसी सादगी हमारी फिल्मों में मिसिंग रहने की बात उठती है। लेकिन, क्या आपको पता है कि भारत साल भर में इतनी फिल्में रिलीज करता है जितनी दुनिया भर में और कहीं नहीं होती हैं। इतना ही नहीं और भी कई ऐसी बातें हैं जो भारतीय सिनेमा को बाकी फिल्म इंडस्ट्रीज से अलग बनाती हैं। तो चलिए जानते हैं भारतीय सिनेमा के बारे में 7 रोचक तथ्य।*

### फिल्मों की फैक्ट्री है अपना इंडिया

***दुनिया*** को लगता है कि हॉलीवुड सबसे बड़ा है, लेकिन सच यह है कि भारत दुनिया में सबसे ज्यादा फिल्में बनाने वाला देश है। जहां हॉलीवुड साल भर में लगभग 700-800 फिल्में बनाता है, वहीं भारत हर साल 1,500 से 2,000 के बीच फिल्में रिलीज करता है।

### बिना गानों की फिल्म का पिटना तय

***हॉलीवुड*** या यूरोपियन सिनेमा में फिल्में बिना गानों के होना सामान्य बात है, वहां 'म्यूजिकल' एक अलग जॉनर होता है। लेकिन, भारत में उल्टा है। यहां बिना गानों की फिल्म बनाना एक बहुत बड़ा जोखिम माना जाता है। भारतीय फिल्मों में औसतन 5-6 गाने होते हैं, जो फिल्म की मार्केटिंग और कमाई का आधा जरिया होते हैं।

### स्टार्स का दूध अभिषेक और मंदिर

***यह*** दुनिया के किसी और देश में नहीं होता। दक्षिण भारत में जब किसी बड़े सुपरस्टार की फिल्म रिलीज होती है, तो फैंस उनके कट-आउट्स को दूध से नहलाते हैं। इतना ही नहीं, अमिताभ बच्चन और सोनू सूद जैसे स्टार्स के तो भारत में बाकायदा मंदिर भी बने हुए हैं।

### क्यों दुनिया से उलटा चल रहा इंडिया?

दुनिया भर की सिनेमा इंडस्ट्री आज 90 मिनट से 2 घंटे की फिल्मों की ओर बढ़ रहा है, लेकिन भारतीय दर्शक आज भी 'पैसा वसूल' अनुभव के लिए कम से कम 2.5 से 3 घंटे की फिल्म की उम्मीद करते हैं। भारत में फिल्म देखने जाना मतलब पूरा दिन इसके लिए निकालना पड़ता है। क्योंकि, कई बार 3 घंटे की फिल्म और इंटरवल फिर फिल्म से पहले और बाद थोड़ा घूमना-फिरना पूरा दिन लेता है।



### सिर्फ यहां का बोर्ड लगाता है ऐसे नियम

भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों में से है जहां फिल्मों में स्मोकिंग या शराब के सीन आने पर स्क्रीन के नीचे 'चेतावनी' दिखाना जरूरी है। विदेशी फिल्मों को भी भारत में रिलीज होते समय इन नियमों का पालन करना पड़ता है, जो बाहर के फिल्ममेकर्स के लिए काफी अजीब अनुभव होता है।

### दुनिया का सबसे बड़ा फिल्मी परिवार

भारतीय सिनेमा जगत में 'नेपोटिज्म' की खूब चर्चा तो होती है, लेकिन क्या आपको पता है कि इसी वजह से हमने गिनीज बुक में भी जगह पाई है। कपूर खानदान का नाम 'गिनीज वर्ल्ड बुक' में दर्ज है, क्योंकि उनकी एक ही परिवार की पांच पीढ़ियां (पृथ्वीराज कपूर से लेकर रणबीर-करीना तक) सिनेमा जगत का हिस्सा रही हैं।

### कहीं नहीं मिलती ऐसी फैन फॉलोइंग

आपको जानकर हैरानी होगी कि राज कपूर रूस में वहां के लोकल हीरोज से ज्यादा पॉपुलर थे। वहीं, रजनीकांत का जापान में इतना जबरदस्त क्रेज है कि वहां उनकी फिल्मों के खास शोज चलते हैं। मिथुन चक्रवर्ती का 'डिस्को डांसर' अवतार आज भी रूस और मिड एशिया के देशों में एक कल्ट माना जाता है।

## खबर संक्षेप



### पठानिया पब्लिक स्कूल में अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता

**रोहतक।** पठानिया पब्लिक स्कूल के प्रांगण में 16 फरवरी को कक्षा नर्सरी के विद्यार्थियों के लिए अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में विचार अभिव्यक्ति की कला, वाचन कौशल और आत्मविश्वास का विकास करना था। प्रतियोगिता का संचालन कक्षा अध्यापिकाओं श्रीमती एकता और सुचिता के निर्देशन में किया गया। नन्हें विद्यार्थियों ने 'मेरा स्कूल', 'मेरे पापा', 'मेरी दादी जी' और 'मेरी माँ' जैसे विषयों पर उत्साह और आत्मविश्वास के साथ अपने विचार प्रस्तुत किए।

### जाट कॉलेज में लगाया एनएसएस शिविर

**रोहतक।** अखिल भारतीय जाट सूरमा स्मारक महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में मंगलवार को एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की थीम "डिजिटल साक्षरता, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और स्वच्छता" रही। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल युग की आवश्यकताओं, तकनीकी कौशल और स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था। मुख्य वक्ता के रूप में बहुराष्ट्रीय कंपनी हनीवेल से जुड़े राहुल राजपूत ने विद्यार्थियों को संबोधित किया।

## एमडीयू खेल परिसर में 200 खिलाड़ियों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

# इंटर-कॉलेज कराटे में जसिया के हर्ष ने फरीदाबाद के अरुण को दी शिकस्त

### रोहतक के रोहित तीसरे व अखिल चौथे स्थान पर रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के खेल परिसर में मंगलवार से इंटर-कॉलेज कराटे (महिला एवं पुरुष वर्ग) प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता का उद्घाटन खेल निदेशक डॉ. शकुंतला बेनीवाल और खेल अधीक्षक मोहन लाल ने किया। प्रतियोगिता के पहले दिन विभिन्न महाविद्यालयों के लगभग 200 खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

60 किग्रा भार वर्ग में हर्ष (जी.सी. जसिया) ने प्रथम, अरुण (नेहरू कॉलेज फरीदाबाद) दूसरे, रोहित (एल.एन.एच. रोहतक) तीसरे और अखिल कुमार (नेकीराम रोहतक) चौथे स्थान पर रहे।

यह प्रतियोगिता 17 से 19 फरवरी तक चलेगी। चयन समिति में डॉ. अजय जून, मांगेराम, डॉ. शकुंतला बेनीवाल और डॉ. अनु मौजूद रहे, जो विश्वविद्यालय की टीम के लिए उत्कृष्ट खिलाड़ियों का चयन करेंगे।

**परिणाम**

- **67 किग्रा** में गजेश (एसजेके कलानौर) ने पहला, प्रशांत (डीएवी फरीदाबाद) दूसरे, तुषार (नेकीराम रोहतक) तीसरे और अमन (जी.सी. बहादुरगढ़) चौथे स्थान पर रहे।
- **75 किग्रा** में हिमांशु (जीसी जसिया) ने शानदार प्रदर्शन कर पहला, भविष्य (अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़) दूसरे, गौरव (जी.सी. बहादुरगढ़) तीसरे और तजेंद्र (नेकीराम रोहतक) चौथे स्थान पर रहे।
- **45 किग्रा** महिला वर्ग में अनामिका (यू.टी.डी. एमडीयू) ने पहला, सोहनी (जी.सी. बहादुरगढ़) दूसरे, निकीता (अग्रवाल कॉलेज) तीसरे और शिवांशी (जी.वी.एम. सोनीपत) चौथे स्थान पर रहीं।
- **61 किग्रा** में पायल (जाट कॉलेज) ने प्रथम, कीर्ति (जी.वी.एम. सोनीपत) दूसरे, प्रेरणा (जी.सी. बादली) तीसरे और प्रीति (एम.के.जे.के.) चौथे स्थान पर रहीं।
- **68 किग्रा** में बनिता (एम.के.जे.के.) पहले स्थान, वैष्णवी (जीवीएम सोनीपत) ने दूसरा, प्रिया (टीका राम कॉलेज) ने तीसरा और मानसी (हिंदू कॉलेज) ने चौथा स्थान हासिल किया।

## वुशु चैंपियनशिप में गवर्नमेंट कॉलेज महम की दीक्षा ने जीता रजत पदक



**महम।** विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते प्रिंसिपल डॉ. सत्यव्रत व प्राध्यापक। फोटो : हरिभूमि

- पेंचक सिलाट प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक भी प्राप्त किया है दीक्षा ने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक द्वारा आयोजित की गई इंटर कॉलेज चैंपियनशिप में महम कॉलेज की वुशु खिलाड़ी दीक्षा ने रजत पदक जीतकर कॉलेज का नाम रोशन किया है। बहलबा गांव निवासी दीक्षा पुत्री राजेश महम के राजकीय महाविद्यालय में बीए अंतिम वर्ष की छात्रा है। दीक्षा ने यह उपलब्धि 48 किलोग्राम भार वर्ग मे हासिल की है। इसके अतिरिक्त दीक्षा ने पेंचक सिलाट प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक भी प्राप्त किया है। वहीं दीपांशु पुत्र जगबीर सैनी निवासी किशनगढ बी० ए० प्रथम वर्ष ने 65 किलोग्राम भार वर्ग मे रजत पदक जीतकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवर्त और समस्त स्टाफ सदस्यों ने दोनों खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कॉलेज में दोनों खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रिंसिपल ने विद्यार्थियों को खेलों का महत्व बताया और विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं मे बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर डॉ. दीपक, डॉ. सुरेश, डॉ. भूपेन्द्र व शारीरिक शिक्षा प्राध्यापक अजय मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### न्यू विद्या भारती स्कूल में सीनियर्स को दी विदाई

**रोहतक।** न्यू विद्या भारती पब्लिक स्कूल धामड़ में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर भावनाओं, उत्साह और शुभकामनाओं से सराबोर रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स के सम्मान में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। गीत, नृत्य और भावपूर्ण संदेशों के माध्यम से उन्होंने अपने स्नेह और सम्मान को अभिव्यक्त किया। साथ ही 12वीं कक्षा के छात्रों को स्मृति-चिन्ह भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

### दुहन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने जेईई मेन्स में किया शानदार प्रदर्शन



**रोहतक।** दुहन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने प्रतिष्ठित जेईई परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और अभिभावकों का नाम रोशन किया है। तनमय गौर, पुत्र श्री बलदीवास एवं पिंकी देवी, ने सामान्य वर्ग में 95.68 परसेंटाइल प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की। उनकी इस उपलब्धि में निरंतर परिश्रम, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसी प्रकार अनुज लाठवाल, पुत्र परवीन लाठवाल एवं मीना देवी, ने सामान्य-ईडब्ल्यूएस वर्ग में 94.859 परसेंटाइल अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। उनकी सफलता कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। विद्यालय के निदेशक डॉ. अशोक दुहन ने दोनों विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की प्रतिभा और विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि ऐसे परिणाम अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनते हैं। विद्यालय परिवार ने दोनों विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके निरंतर प्रगति की शुभकामनाएं दीं।

## जेईई मेन्स में आरपीएस के 44 विद्यार्थियों ने रचा इतिहास



**महेंद्रगढ़।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित जेईई मेन के परीक्षा परिणाम में आरपीएस ग्रुप के 44 विद्यार्थियों ने 99 परसेंटाइल व इससे अधिक अंक प्राप्त कर एक नया इतिहास रचा हैं। आरपीएस के मयंक कुमार ने 99.96 व भव्य सतिजा ने 99.95 परसेंटाईल प्राप्त कर संस्था का नाम रोशन किया है। गौरतलब है कि पूर्व में भी आरपीएस के कृष्ण कुमार ने क्लैट में ऑल इंडिया कैटेगरी रैंक वन, इंटरनेशनल जूनियर सांईस ऑलम्पियाड में भव्या गुनवाल व आदिश जैन ने गोल्ड मेडल व इंटरनेशनल कॉमर्स ऑलम्पियाड में राहुल व अंशु ने इंटरनेशनल रेंक वन व पूर्वा सिंह ने सीयूईटी में ऑल इंडिया रैंक थ्री प्राप्त की थी। एक बार पुनः आरपीएस ग्रुप ने साबित कर दिखाया कि जेईई-आईआईटी, नीट-मेडिकल, एनडीए-एसएसबी, क्लैट, यूपीएससी, सीए, सीयूईटी, सीएस, ओलम्पियाड एवं सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतरीन परिणाम दिए। आरपीएस ग्रुप सीईओ इंजी मनीष राव ने बताया की मयंक ने 99.96 परसेंटाइल, भव्य सतिजा ने 99.95, सुमित यादव ने 99.92, आर्यन श्योराण ने 99.89, विनित ने 99.89, उत्सव ने 99.85, नैतिक अग्रवाल ने 99.82, प्रतुष सिंह ने 99.79, आर्यन भाद्वाज ने 99.77, खुशी अग्रवाल ने 99.72, रूद्रबल ने 99.72, ईशांत ने 99.67, वैभव महता ने 99.66, प्रिया चौधरी ने 99.63, रिजुल ने 99.61, अंशु ने 99.6, तनमय यादव ने 99.59 ने परसेंटाइल अंक प्राप्त कर संस्था का नाम रोशन किया।

## 'संचार उत्सव' में जाट महाविद्यालय रोहतक ने जीती ओवरऑल ट्रॉफी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा की आयोजित संचार उत्सव में जाट कॉलेज रोहतक के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल ट्रॉफी अपने नाम की। प्रतियोगिता की 9 अलग-अलग विधाओं में 9 विश्वविद्यालयों के 374 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

कॉलेज पहुँचने पर जाट शिक्षण संस्था के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने का मंच प्रदान करते हैं।

विभागाध्यक्ष डॉ. जसमेर सिंह ने बताया कि प्रेस विज्ञप्ति लेखन प्रतियोगिता में महक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एड मैड शो प्रतियोगिता में जतीन, अक्षिका, रुपेश, निशांत, महक, मनीषा और अंकुश की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## श्री लाल नाथ हिंदू महाविद्यालय में बताया इंटर्नशिप का महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




श्री लाल नाथ हिंदू महाविद्यालय में कैरियर गाइडेंस एंड प्लेसमेंट सेल एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में इंटर्नशिप ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा ने की। इसमें कला, वाणिज्य, मैनेजमेंट साइंस और कंप्यूटर साइंस सहित विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में ई.एस.एस. इंस्टीट्यूट के निदेशक श्री नवीन गोस्वामी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को इंटर्नशिप के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत स्नातक स्तर पर इंटर्नशिप अनिवार्य की गई है, ताकि विद्यार्थी अपने विषय से संबंधित व्यावहारिक अनुभव प्राप्त कर सकें। प्राचार्य डॉ. तनेजा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इंटर्नशिप से न केवल कौशल विकास होता है, बल्कि रोजगार के अवसर भी बढ़ते हैं।

### एमडीयू में फिजियोथेरेपी सेंटर का उद्घाटन

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रोग्राम द्वारा यूनिवर्सिटी हेल्थ सेंटर एवं सुखधाम न्यूरो केयर फाउंडेशन, रोहतक के सहयोग से मंगलवार को निःशुल्क न्यूरोथेरेपी स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. सपना गर्ग ने बतौर मुख्यातिथि शिविर का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान इंडसइंड बैंक के सहयोग से स्थापित अत्याधुनिक मशीनों से सुसज्जित फिजियोथेरेपी सेंटर का भी उद्घाटन प्रो. सपना गर्ग एवं एनएसएस कोऑर्डिनेटर प्रो. सविता राठी ने संयुक्त रूप से किया। प्रो. सपना गर्ग ने कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर न केवल रोगों की समय रहते पहचान में सहायक होते हैं, बल्कि लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए भी प्रेरित करते हैं।

## आर्य स्कूल मदीना के सक्षम ने जेईई मेन में हासिल किए 99.85% अंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम



जेईई मेन 2026 के परीक्षा परिणाम में आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल मदीना के छात्र सक्षम आर्य पुत्र वीरेंद्र आर्य ने 99.85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने माता पिता व गुरुजनों का नाम रोशन किया है। आर्य स्कूल मदीना की डायरेक्टर लतेश दांगी ने बताया कि उन्हें समक्ष आर्य पर गर्व है। क्योंकि जेईई मेन परीक्षा में इतने अंक हासिल करना एक बड़ी उपलब्धि है। सक्षम ने रोहतक जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता को सिद्ध किया है।

## सूरज विद्यालय का जेईई मेन्स परीक्षा में बेहतरीन परिणाम



**महेंद्रगढ़।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित जेईई मेन्स की परीक्षा में सूरज स्कूल के विद्यार्थियों का परिणाम बेहतरीन रहा। संस्था निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया कि इस परीक्षा परिणाम में सर्वाधिक रिया गुप्ता ने 99.96, आयुष धीमान ने 99.29, आदित्य ने 99.20, हर्ष गुलाटी ने 99.16, अक्षज खंडेलवाल ने 98.96 पर्सेंटाइल अंक हासिल कर विद्यालय में क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में भावेश ने 98.61, आर्शिया सिंह ने 98.50, जिज्ञासु ने 98.31, चेतन्य ने 98.30, भूपेश कुमार ने 98.25, प्रियांश पाठक ने 97.98, प्रथम ने 97.90, तरूण ने 97.9, शिनू राठी ने 97.78, कुशाग्र अग्रवाल ने 97.63, सिद्धार्थ दांगी ने 97.6, लव शर्मा ने 97.51, सिद्धांत कुमार सिंह ने 96.85, अगस्त्य सिंह गंगवार ने 96.8, सोहम कुच्छल ने 96.75, नंदनी ने 96, श्रद्धानन्द कुमार ने 95.8, प्रिंस कुमार ने 95.29, पीयूष ने 95.1, मुकुल राठी ने 95.09, तन्मय ने 95, दिया फौजी ने 94.27, अबीर कुमार ने 94.24, कुणाल यादव ने 94.08, खुशी चौधरी ने 93.9, हर्षल फोसी ने 93.56, हर्ष यादव ने 93.38, लिजा ने 93.11, रितिक ने 93.04, हर्ष चौधरी ने 92.8, भावेश ने 92.76, हर्ष देव ने 92.76, तन्वी ने 92.67, आर्यन ने 91.76, हिमांशी ने 91.72, हिमांशु मीना ने 91.72, मयंक ने 91.71, रोहित ने 91.69, दीक्षा चौधरी ने 90.73, विकास ने 90.67, युवराज ने 90.63, यश कुमार ने 90.62, महक शर्मा ने 90.30, किट्टू ने 90.1, योगेश ने 90 सहित अन्य बहुत से प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने श्रेष्ठतम पर्सेंटाइल अंक हासिल किए।

**Matu Ram Institute of Engineeting & Management**
Ph. No. 01262262585, M. 9992000181
Email.mriemcollege@gmail.com

**WALK IN INTERVIEW**

On 24/02/2026 at 10am in the Director's office for the post of AP in Civil Engineering-02 on the basis of Remuneration on fixed basis Rs.20000/- Per month (Maximum) as guest faculty for current academic semester 2026. Qualifaication & other eligibility conditions as per AICTE/M.D.U. Rohtak norms. The candidates must report along with testimonials and their photocopies on the day of interview. Number of posts may be increased and decreased.

Director — Preesident

## एचडी पब्लिक स्कूल में बेल्जियम की शिक्षिका का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



बहुअकबरपुर स्थित एच.डी. पब्लिक स्कूल में अंतरराष्ट्रीय शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया, जब बेल्जियम की प्रतिष्ठित शिक्षिका नोएमी पाते ने स्टडी एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत विद्यालय का शैक्षिक भ्रमण किया। वे 15 दिनों के भारत प्रवास पर हैं, जिनमें से एक सप्ताह विद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करेंगी।

नोएमी पाते बेल्जियम और फ्रांस की नागरिक हैं तथा उन्होंने इंग्लिश, फ्रेंच और डच भाषाओं में मास्टर्स इन ट्रांसलेशन के साथ शिक्षा में भी उच्च अध्ययन किया है। वर्तमान में वे एंटवर्प (बेल्जियम) स्थित एलबीसी वयस्क शिक्षण संस्थान में डच भाषा की अध्यापिका हैं और पूर्व में सेकेंडरी स्कूल में फ्रेंच एवं इंग्लिश का अध्यापन कर चुकी हैं।

**MANSAROVER HOSPITAL**
MULTI SUPER SPECIALITY HOSPITAL
NEAR PNB BANK, OPP. VIKAS NAGAR, SONIPAT ROAD, ROHTAK, HARYANA
RECEPTION: 01262-253500, 9053005599, 9254302848
**REQUIRES**

| | |
|---|---|
| BAMS | 2 |
| RMO | 2 |
| PRO | 2 |
| NURSING STAFF | 4 |
| ACCOUNTANT | 1 |
| COMPUTER OPERATOR | 2 |
| RECEPTION | 2 |
| WARD BOY | 4 |
| SWEEPER | 2 |

जय श्री बाला जी महाराज
**SHRI BALA JI INSTITUTE OF PARAMEDICAL SCIENCE**
DR. S.K. SAINI Director
AUTHORIZED ADMISSION CENTRE OF
SUGUNA SCHOOL OF NURSING BANGLORE
BHUVAN SCHOOL OF NURSING, DR. K.T.V. BANGLORE
पिछले 25 वर्षों से लगातार जनसेवा में कार्यरत संस्थान। सीमित सीटें। पहले आयें- पहले पायें छात्रावास सुविधा उपलब्ध
**DIPLOMA IN G.N.M. (MIF)**
योग्यता :- 12th किसी भी विषय में) अवधि :- 3½ वर्ष
कुल सीटें :- 60 दाखिला फीस - 25000/year
परीक्षा स्थान :- बैंगलोर
**DIPLOMA IN PHARMACY**
योग्यता:- 12th साईस अवधि:- 2 वर्ष सीटें :- 60
दाखिला फीस: 25000/- year परीक्षा स्थान :- बैंगलोर
नियमित कक्षायें ऑनलाईन व ऑफलाईन दोनों मोड़ में।
5000 Rs मासिक फीस देकर निश्चित सफलता के साथ कोर्स पूरा करें। आज ही अपने प्रमाष-पत्रों के साथ आकर मिले।
DR. S.K. SAINI (Director)
9254233221
रोहतक:- 41/29, चाणक्य पुरी, शीला सिनेमा के पीछे
बहादुरगढ़ :- पिल्लर नं. 851 के सामने, पुराना बराही रोड पर।
सोनीपत :- HDF C बैंक के सामने, छोटू राम चौक।

**बैठक** डीसी ने खरीद सीजन के लिए अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

# मंडियों में मुहैया करवाएं मूलभूत सुविधाएं

- खरीद सीजन के दौरान सब सेंटरों पर पर्याप्त स्थान उपलब्ध करवाने को कहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**रोहतक।** आगामी खरीद सीजन के दृष्टिगत संबंधित अधिकारियों को दिशा - निर्देश देते उपायुक्त गुप्ता।

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने आगामी खरीद सीजन के दृष्टिगत संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे जिला की सभी मंडियों एवं खरीद केंद्रों में सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैया करवाये। खरीद केंद्रों पर फसल के लिए उचित स्थान की तलाश करें ताकि सीजन के दौरान कोई असुविधा न हो। उन्होंने भंडारण व बारदाने के बारे में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। सचिन गुप्ता स्थानीय कैंप कार्यालय में मार्केट कमेटियों, खाद्य एवं पूर्ति विभाग तथा खरीद एजेंसियों के अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने मार्केट कमेटियों के अधिकारियों से कहा कि वे जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी के साथ तालमेल कर यह सुनिश्चित करें कि खरीद सीजन के दौरान सब सेंटरों पर पर्याप्त स्थान उपलब्ध रहे। आवश्यकता अनुसार सब सेंटरों के फर्श के साथ-साथ पेवर ब्लॉक लगाने तथा मंडियों में क्षतिग्रस्त सडक़ों पर पैच वर्क करवाया जाये।

**किसानों को न हो कोई असुविधा**

डीसी ने कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि सरसों व गेंहू की खरीद के दौरान मंडियों में आने वाले किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि अधिकारी खरीद सीजन के दौरान प्रयुक्त होने वाले सब सेंटरों का दौरा कर उपलब्ध स्थल को चिन्हित करें तथा यह सुनिश्चित किया जाये कि इन सब सेंटरों पर फसल बिक्री के लिए पर्याप्त जगह उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि फसल खरीद के साथ-साथ बारदाने की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए भी आवश्यक कदम उठाये जाये तथा गेहूं के भंडारण के लिए भी पर्याप्त व्यवस्था की जाये ताकि गेहूं खुले में न रहे। उन्होंने कहा कि गोदामों में भंडारण किये गए गेहूं की मार्केट में बिक्री की संभावनाएं भी तलाशी जाये।

**ये रहे मौजूद**

जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, एफसीआई के जिला प्रबंधक राजीव बिरला, हैफेड के जिला प्रबंधक धर्मेंद्र, हरियाणा स्टेट वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन के जिला प्रबंधक रोहताश दहिया, एफसीआई के प्रबंधक डिंपल कुमार सैनी, महम मार्केट कमेटी से विजय गोयत, रोहतक मार्केट कमेटी से राकेश मलिक, एएफएसओ अशोक कुमार, हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के उपमंडल अभियंता राजेश कुमार व निखिल राठी के अलावा मोहित कुमार व अन्य संबंधित अधिकारी मीटिंग में मौजूद रहे।

### सैनी सी. से. स्कूल में 12वीं के विद्यार्थियों को दी विदाई

**रोहतक।** सैनी एजुकेशन सोसाइटी द्वारा संचालित सैनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान अवनीश कुमार सैनी ने प्रिंसिपल एवं छात्राओं के साथ सरस्वती पूजन और दीप प्रज्वलन के साथ किया। प्रधान ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए जीवन में सफलता प्राप्त कर विद्यालय और माता-पिता का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। संस्था के कॉलेज प्रधान धर्म सिंह दहिया ने 12वीं के बाद सही करियर विकल्प चुनने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए तथा विद्यार्थियों से सोशल मीडिया और मोबाइल फोन के अत्यधिक उपयोग से दूर रहने की अपील की। जूनियर छात्रों ने सीनियर्स के सम्मान में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

साफ-सफाई को लेकर निगम ने की विशेष बैठक, स्वच्छता सर्वेक्षण में शहर को टॉप पर लाने की तैयारी

# खाली प्लॉट वालों को दिए जाएंगे नोटिस, 30% करना होगा निर्माण

### बेहतर प्रदर्शन करने वाले वार्ड और सदस्य होंगे सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर की सफाई व्यवस्था और सुदृढ़ करने व स्वच्छ सर्वेक्षण-2025-26 में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता महापौर रामअवतार वाल्मीकि ने की, जिसमें नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी और सभी वार्ड सदस्य मौजूद रहे। बैठक का मुख्य एजेंडा रोहतक को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ शहर के रूप में विकसित करना तथा सफाई व्यवस्था को जनभागीदारी आधारित बनाना रहा। मेयर बोले कि स्वच्छ और सुंदर शहर के निर्माण में वार्ड सदस्यों की भूमिका जरूरी। प्रत्येक वार्ड में विशेष सफाई अभियान चलाने के लिए वार्ड सदस्यों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। नगर निगम द्वारा अब प्रत्येक वार्ड की स्वच्छता रैंकिंग तय की जाएगी। बेहतर प्रदर्शन करने वाले वार्डों और वार्ड सदस्यों को सम्मानित भी किया जाएगा। वहीं वार्डों में खाली पड़े प्लॉट मालिकों को नोटिस दिए जाएंगे। खाली पड़े प्लॉटों में 30 फीसदी तक निर्माण करना अनिवार्य किया जाएगा, ताकि गंदगी न फैले।



रोहतक। नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी और सभी वार्ड पार्षदों के साथ बैठक करते मेयर रामअवतार वाल्मीकि व नगर निगम आयुक्त आनंद शर्मा।

### साफ-सफाई के लिए पर्याप्त संसाधन व मैनपावर मौजूद

वर्तमान में नगर निगम के पास सफाई कार्य के लिए पर्याप्त संसाधन और मैनपावर उपलब्ध है। इसके चलते सभी वार्डों में नियमित रूप से विशेष सफाई अभियान चलाए जाएंगे, जिनमें वार्ड सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। अभियान के दौरान गलियों, सड़कों, बाजारों, पार्कों, सार्वजनिक शौचालयों, सार्वजनिक स्थलों और आवासीय क्षेत्रों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि कचरा समय पर उठे और गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई हो।

### यह बोले निगम आयुक्त


नगर निगम आयुक्त आनंद कुमार शर्मा ने कहा कि नगर निगम स्वच्छता और सौंदर्यकरण के कार्यों को लेकर पूरी तरह गंभीर है। प्रतिदिन शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए कार्य किए जा रहे हैं। वार्ड सदस्यों के अभियान से जुड़ने से सफाई व्यवस्था और मजबूत होगी।

### खाली प्लाट की करनी होगी चारदीवारी

निगम आयुक्त कहा कि खाली प्लॉट धारकों को नोटिस जारी किए जाएंगे, ताकि वे प्लॉट की सफाई और चारदीवारी सुनिश्चित करें। खाली प्लाटों में 30 फीसदी निर्माण कार्य अनिवार्य होगा। ऐसा न करने पर नगर निगम द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए अगमजोत कौर और ग्रेसी को कठपुतली कॉमेडियन के रूप में ब्रांड एम्बेसडर बनाया गया है, जो वीडियो संदेशों के माध्यम से आमजन तक स्वच्छता का संदेश पहुंचा रहे हैं।

### स्वच्छता में जनभागीदारी भी जरूरी

स्वच्छता केवल नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों का सहयोग भी उतना ही आवश्यक है। जनभागीदारी से ही स्वच्छता अभियानों को स्थायी सफलता मिल सकती है। बैठक में मौजूद सभी वार्ड सदस्यों ने भी सफाई अभियानों में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया, जिससे यह विश्वास जताया गया कि रोहतक स्वच्छ सर्वेक्षण-2025-26 में बेहतर स्थान हासिल करेगा।



याद बहुत आते हैं वो दिन...

# गांव के साधारण व्यक्ति ने जज्बे से लिखी कामयाबी की नई इबारत

*विदेश से लौटे गांव पाक्समा निवासी धर्मपाल ने बताया कि सभी जिम्मेदारियों को कंधों पर लादकर काम किया, विदेश गए, कड़ी मेहनत की और परिवार को गरीबी की दलदल से बाहर निकाला। उनका युवाओं के लिए संदेश है कि हालात चाहे जैसे हों, मेहनत और ईमानदारी से काम किया जाए तो मंजिल जरूर मिलती है। धर्मपाल की कहानी यह साबित करती है कि छोटे से गांव से निकला एक साधारण व्यक्ति भी अपने साहस और परिश्रम से कामयाबी नई इबारत लिख सकता है।*

गांव पाक्समा निवासी धर्मपाल की जिंदगी संघर्ष, हिम्मत और मेहनत की मिसाल है। साधारण किसान परिवार में जन्मे धर्मपाल अपने गांव के पहले व्यक्ति थे, जिन्होंने विदेश जाकर काम करने का साहस दिखाया। उस समय गांव से बाहर निकलना भी बड़ी बात माना जाता था, लेकिन उन्होंने हालात से लड़कर अपनी अलग पहचान बनाई। धर्मपाल बताते हैं कि परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत नहीं थी। जिम्मेदारियां कम उम्र में ही कंधों पर आ गईं। बेहतर भविष्य की तलाश में वे सबसे पहले लीबिया गए, जहां ड्राइवर के रूप में काम शुरू किया। परदेश की मिट्टी, अलग भाषा और कठिन परिस्थितियों के बीच उन्होंने दिन-रात मेहनत की।



धर्मपाल

दोस्तों के साथ हंसी ठहाकों में बीत रहा दिन



### बेटियों को सफल देखकर छोटी लग रही हर तकलीफ

धर्मपाल कहते हैं कि कई बार हालात इतने मुश्किल हुए कि वापसी का मन हुआ, लेकिन परिवार और बेटियों का भविष्य उन्हें मजबूत बनाए रखता था। विदेश में रहकर कमाई का अधिकांश हिस्सा परिवार और बच्चों की पढ़ाई पर खर्च किया। सपना था कि बेटियां आत्मनिर्भर बनें और अपने पैरों पर खड़ी हों। आज मेहनत रंग लाई और दो बेटियां विदेश में अपने परिवार के साथ खुशहाल जीवन जी रही हैं। एक बेटी अमेरिका में स्थापित है, जबकि दूसरी बेंगलुरु में कार्यरत है और अपने क्षेत्र में सफलता हासिल कर रही है। संघर्ष भले ही कठिन रहा, लेकिन आज बेटियों को सफल देखकर हर तकलीफ छोटी लगती है। वे मानते हैं कि बेटियां बोझ नहीं, बल्कि परिवार की ताकत होती हैं।

#### पिता की सख्ती से सीख




सफलता के पीछे लंबा संघर्ष छिपा है। बचपन में हालात आसान नहीं थे। अनुशासन व सख्ती के माहौल में परवरिश हुई। कई बार पिता की डांट और मार भी सहनी पड़ी, लेकिन आज वे मानते हैं कि वही सख्ती उनकी जिंदगी की सबसे बड़ी सीख बनी। आखिरकार वायुसेना में चयन हो गया। पूरी ईमानदारी और समर्पण से देश सेवा की। -बलजीत धनखड़, एयरफोर्स से रिटायर

#### अब सुकून की जिंदगी



एमसीडी में परिचालक के पद पर काम करते हुए वर्षों तक ईमानदारी से ड्यूटी निभाई। सीमित आय में परिवार का पालन-पोषण करना आसान नहीं था, लेकिन कभी हिम्मत नहीं हारी। आज मेरे दोनों बेटे सफल व्यवसाय चला रहे हैं और मैं सुकून भरी जिंदगी जी रहा हूं। संघर्ष का समय भले ही कठिन होता है, लेकिन परिवार साथ दे तो भविष्य उज्ज्वल होता है। -सुरेश राठी, एमसीडी से रिटायर

#### मेहनत रंग लाई



वर्षों तक नौकरी की जिम्मेदारी और परिवार की जरूरतों को पूरा करते-करते समय कब निकल गया, इसका एहसास ही नहीं हुआ। अब मेंरे दोनों पुत्र सरकारी सेवा में हैं। बच्चों की तरक्की देखकर लगता है कि मेहनत रंग लाई है। अब दोस्तों के साथ ताश खेलना, हंसी-मजाक व पुरानी यादें ताजा करना दिनचर्या का हिस्सा हैं। -सूरज मल मलिक

### शहर में आज

- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे
- एमडीयू में इंटर कॉलेज कराटे प्रतियोगिता सुबह 10 बजे
- एमडीयू में रंग कलम महोत्सव सुबह 10 बजे

### खबर संक्षेप

#### परीक्षाओं के मद्देनजर निषेधाज्ञा जारी

**रोहतक।** जिलाधीश सचिन गुप्ता ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित की जाने वाली सेकेंडरी (नियमित/री-अपीयर/ओपन स्कूल), सीनियर सेकेंडरी एवं डीएलएड. की परीक्षाओं को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न करवाने के उद्देश्य से निषेधाज्ञा आदेश जारी किये हैं। यह आदेश 25 फरवरी से आगामी 1 अप्रैल तक जिला में स्थित सभी निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर प्रभावी रहेगा।

#### नपा चुनाव को लेकर नोटिफिकेशन जारी

**सांपला।** नगर पालिका चुनाव अप्रैल में होंगे। चुनाव आयोग ने मतदाता सूची को लेकर नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। बताया गया है कि 17 से 27 फरवरी तक मतदाता लिस्ट का वार्डों में बटवारा किया जाएगा।

## एआई, स्वास्थ्य व डेटा विज्ञान में स्टोकेस्टिक मॉडलिंग की अहम भूमिका : प्रो. श्रीनिवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एमडीयू के गणित विभाग द्वारा स्टोकेस्टिक प्रोसेसेज़ एवं संबंधित क्षेत्रों विषय पर एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का विशिष्ट व्याख्यान आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रो. अर्नी एस. आर. श्रीनिवास राव ऑगस्टा विश्वविद्यालय अमेरिका ने मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार साझा किए। उन्होंने स्टोकेस्टिक प्रोसेसेज़ की सैद्धांतिक आधारशिला के साथ-साथ उनके आधुनिक एवं व्यावहारिक अनुप्रयोगों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि स्टोकेस्टिक मॉडलिंग आज गणितीय मॉडलिंग, डेटा विश्लेषण, स्वास्थ्य प्रणालियों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे उभरते क्षेत्रों की आधारशिला बन चुकी है। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि एआई तकनीकों के साथ स्टोकेस्टिक विधियों का समन्वय जटिल वास्तविक समस्याओं के समाधान, पूर्वानुमान और निर्णय-निर्माण में अत्यंत प्रभावी सिद्ध हो रहा है।



रोहत। कार्यक्रम विद्यार्थियों के साथ मुख्यअतिथि प्रो. अर्नी एस आर. श्रीनिवास राव ऑगस्टा विश्वविद्यालय अमेरिका, डॉ. पूनम रेढू, प्रो. सीमा मेहरा, प्रो. सविता राठी व प्रो. राजीव कुमार। फोटो हरिभूमि

## एमडीयू में संगीत की मधुर प्रस्तुतियों ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के संगीत विभाग द्वारा टैगोर ऑडिटोरियम में रंग महोत्सव के तहत दो दिवसीय रंग सुर म्यूजिकल फिएस्टा का भव्य शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में प्रो. आरपी सैनी कुलपति चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी जींद उपस्थित रहे। संगीत की मधुर प्रस्तुतियों ने समां बांधा।

प्रो. आरपी सैनी ने कहा कि संगीत भारतीय संस्कृति की आत्मा है, जो व्यक्ति के जीवन में संवेदनशीलता, अनुशासन और रचनात्मकता का विकास करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को संगीत जैसी कलाओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा को निखारने और भारतीय सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रख्यात जल तरंग वादक विदुषी शशिकला दानी की मनमोहक प्रस्तुति रही। उनकी उत्कृष्ट कला ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया और सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।



रोहतक। कार्यक्रम में मुख्यातिथि प्रो. आरपी सैनी कुलपति चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी जींद को स्मृति चिन्ह देते संयोजक प्रो. सपना गर्ग, कन्वीनर प्रो. विमल व निदेशक युवा कल्याण डॉ. प्रताप राठी। फोटो :हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

रंग महोत्सव की संयोजक प्रो. सपना गर्ग ने स्वागत भाषण दिया। रंग सुर की कन्वीनर प्रो. विमल ने आभार जताया। उन्होंने बताया कि रंग सुर के तहत 18 फरवरी को प्रतिष्ठित वोकलिस्ट किराना घराना से विदुषी, संहिता नंदी अपनी शानदार प्रस्तुति देंगी। इस अवसर पर प्रो. हरीश कुमार, प्रो. सुधीर कुमार, प्रो. आशीष दहिया, प्रो. दिव्या मल्हान, प्रो. अंजू धीमान, प्रो. सविता राठी, सुनित मुखर्जी, डॉ. आनंद शर्मा, डॉ. नवीन ओहल्यान समेत एमडीयू के प्राध्यापकगण, शोधार्थी, विद्यार्थी एवं संगीत प्रेमी उपस्थित रहे।

## जीवन में सच्चे मानवीय मूल्यों को महत्व देना चाहिए

- रंग रास थिएटर फेस्टिवल के प्रथम दिन राम नाम सत्य है नाटक का मंचन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के आर.के. ऑडिटोरियम में रंग महोत्सव के तहत दो दिवसीय थिएटर फेस्टिवल रंग रास का भव्य शुभारंभ हुआ। रंग रास थिएटर फेस्टिवल के प्रथम दिन राम नाम सत्य है नाटक का मंचन किया गया।

राम नाम सत्य है एक सशक्त सामाजिक नाटक है, जो जीवन की नश्वरता और समाज की वास्तविक मानसिकता को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करता है।

यह नाटक अक्सर सामाजिक और पारिवारिक मूल्यों के इर्द-गिर्द घूमता है, जिसमें मृत्यु और जीवन के संघर्ष को एक गहरे दृष्टिकोण से दिखाया जाता है। नाटक यह संदेश देता है कि जीवन क्षणभंगुर है और मानव को अपने जीवन में सच्चे मानवीय मूल्यों, संवेदनाओं और रिश्तों को महत्व देना चाहिए। अपने प्रभावशाली संवाद, यथार्थवादी प्रस्तुति और भावनात्मक कथानक के माध्यम से यह नाटक दर्शकों को आत्मचिंतन के लिए प्रेरित करता है तथा समाज को एक सार्थक संदेश प्रदान करता है। कलाकारों के जीवंत अभिनय ने दर्शकों को भावनात्मक रूप से जोड़ते हुए गहरी छाप छोड़ी। इस नाटक का लेखन डॉ. चंद्रशेखर फणसलकर ने किया तथा निर्देशन सोनू रोंझिया द्वारा किया गया। नाटक की प्रस्तुति मीरा कल्चर सोसायटी द्वारा की गई। मुख्य अतिथि डॉ. शरणजीत कौर ने कहा कि रंगमंच समाज का सशक्त माध्यम है, जो जीवन के यथार्थ को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करता है। रंग रास के कन्वीनर प्रो. हरीश कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में रंगमंच के प्रति रुचि विकसित करना तथा सामाजिक सरोकारों से जुड़ी रचनात्मक अभिव्यक्तियों को मंच प्रदान करना है।





रोहतक। आयोजित कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभांरभ करते मुख्य अतिथि डॉ. शरणजीत कौर व नाटक का मंचन करते कलाकार।

## माल गोदाम रोड रेलवे स्टेशन पर बुजुर्ग का शव मिला, पहचान नहीं

**रोहतक।** रेलवे स्टेशन माल गोदाम रोड पर एक बुजुर्ग व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की उम्र करीब 60 से 65 वर्ष के बीच आंकी जा रही है। सूचना मिलते ही आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। पहचान न होने के कारण शव को पीजीआई के डेडहाउस में रखवा दिया गया है। आरपीएफ के हैड कांस्टेबल राजबीर सिंह ने बताया कि कि बुजुर्ग का रंग गेहुआं है, सफेद दाढ़ी व बाल हैं। उसने सफेद रंग का बंगाली कुर्ता और काली लोअर पहन रखी थी। पुलिस व आरपीएफ द्वारा मृतक की पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। पहचान होने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एमडीयू के एमएमटीटीसी में गीता की प्रासंगिकता पर हुआ व्याख्यान



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र (एमएमटीटीसी) द्वारा आयोजित एफ़डीपी के अंतर्गत प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ. मार्कण्डेय आहूजा ने वर्तमान शिक्षा परिदृश्य में श्रीमद्भगवद्गीता की प्रासंगिकता विषय पर प्रेरक व्याख्यान दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक एमएमटीटीसी प्रो. मुनीष गर्ग द्वारा स्वागत संबोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा के मूल्य आधुनिक शिक्षा को अधिक सार्थक और दिशा प्रदान करने में सहायक हैं। डॉ. मार्कण्डेय आहूजा ने अपने व्याख्यान में कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता जीवन प्रबंधन, आत्मानुशासन और कर्तव्यनिष्ठा का अद्वितीय मार्गदर्शक ग्रंथ है। उन्होंने बताया कि गीता के सिद्धांत विद्यार्थियों और शिक्षकों को मानसिक संतुलन, सकारात्मक दृष्टिकोण और मूल्य-आधारित जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं तथा नई शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों को साकार करने में सहायक हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

## मकान में फर्श पर पड़ा मिला 44 वर्षीय व्यक्ति का शव, घर में अकेला रहता था

**महम।** कस्बा महम में वार्ड 1 के ढेर पाना में एक 44 वर्षीय व्यक्ति का शव मकान के अंदर फर्श पर पड़ा मिला है। व्यक्ति की मौत के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। ढेर पाना निवासी आकाशदीप पुत्र सुरजीत अविवाहित था। उसके माता पिता की मौत हो चुकी है। उसकी बहन की शादी हो चुकी है, वह अपनी ससुराल में रहती है। वह माता पिता का इकलौता बेटा था। घर में अकेला ही रहता था। दिन में एक बार ही खाना खाता था। रोजाना शाम को पांच बजे खाना बनाने के लिए एक महिला उसके कमरे में आती थी। मंगलवार को जब महिला खाना बनाने के लिए आई तो उसने आवाज लगाई, लेकिन आकाशदीप ने दरवाजा नहीं खोला। दरवाजा अंदर से बंद था। महिला ने नजदीकी परिवार के लोगों को बुलया। परिवार वालों ने मौके पर पुलिस बुलाई। पुलिस ने दरवाजा तुड़वाया तो अंदर फर्श पर आकाशदीप का शव पड़ा हुआ था। अंदाजा लगाया जा रहा है कि सोमवार को ही उसकी मौत हो गई थी। क्योंकि बॉडी अकड़ी हुई थी।

## अग्निवीर योजना व रेगुलर एंट्री के तहत 13 फरवरी से ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू

**रोहतक।** सेना भर्ती कार्यालय के निदेशक ने बताया कि अग्निवीर योजना तथा रेगुलर एंट्री के तहत वर्ष 2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया गत 13 फरवरी से शुरू हो चुकी है और 1 अप्रैल 2026 तक जारी रहेगी। इसके लिए पोर्टल 1 अप्रैल तक खुला रहेगा। भर्ती दो चरणों में आयोजित की जाएगी। प्रथम चरण में ऑनलाइन कंप्यूटर आधारित लिखित परीक्षा (ऑनलाइन सीईई) आयोजित की जाएगी, जबकि द्वितीय चरण भर्ती रैली का आयोजन होगा। इसके लिए इच्छुक उम्मीदवारों के लिए अपना पंजीकरण सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर करवाना अनिवार्य है। रोहतक, झज्जर, सोनीपत एवं पानीपत जिलों के 1 जुलाई 2005 से 1 जुलाई 2009 के बीच जन्मे युवा तथा 10वीं या 12वीं कक्षा की परीक्षा उत्तीर्ण या परीक्षा परिणाम की प्रतीक्षा कर रहे उम्मीदवार भी आवेदन कर सकते हैं, बशर्ते वे अन्य सभी पात्रता शर्तें पूरा करते हों। अग्निवीर योजना के अंतर्गत अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर क्लर्क/स्टोर कीपर तकनीकी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर ट्रेड्समैन (10वीं पास) एवं अग्निवीर ट्रेड्समैन (8वीं पास) के पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उम्मीदवार अपनी योग्यता के अनुसार विभिन्न श्रेणियों के लिए आवेदन कर सकते हैं, जिनके लिए अलग-अलग आवेदन करना अनिवार्य है।

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

निकलेगा समाधान | गांधरा की 250 एकड़ जमीन की सिंचाई का मामला, दर्जनों किसानों ने मांगी थी इच्छा मृत्यु

# 2-3 दिन में तैयार होगी रिपोर्ट, विकल्प तलाशेगा विभाग

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

गांव गांधरा की 250 एकड़ जमीन की सिंचाई कैसे होगी और किसान यहां कैसे आए-जाएंगे, इसकी रिपोर्ट प्रशासन अगले दो-तीन दिन में तैयार करेगा। सिंचाई विभाग की टीम ने सिंचाई का विकल्प तलाशने के लिए अपने पटवारी समेत दूसरे कर्मचारियों और को गांधरा भेजा। अब सिंचाई विभाग जमीन के नक्शे वगैरह बनाएगा। इन नक्शों में ही यह बताया जाएगा कि खेतों की सिंचाई कैसे होगी। ध्यान रहे कि जिस बिल्डर ने 44 एकड़ जमीन खरीद हुई है, उसने खाल को तोड़कर खेतों की सिंचाई के लिए पाइपलाइन डाली हुई है। लेकिन किसान इससे खेतों की सिंचाई करने को तैयार नहीं हैं। किसानों का कहना है कि पाइप लाइन से सिंचाई नहीं हो रही है। इसलिए हमारे खेत बंजर हो रहे हैं। खेतों में आने-जाने के लिए रास्तों को लेकर भी किसानों ने बीते सोमवार को समाधान शिविर में कई सवाल खड़े किए थे।

#### नहीं मिला पंचायती खाल

बिल्डर द्वारा तोड़ दिए गए जिस खाल को किसान पंचायती (रंग का) बता रहे थे, वह सिंचाई विभाग के रिकॉर्ड में रंग का नहीं पाया गया। रिकॉर्ड में ये दर्ज है कि किसानों ने आपसी भाईचारे के हिसाब से खेतों की सिंचाई के लिए खाल बनाया हुआ था। लेकिन किसानों का यहां एक सवाल और भी है कि जब खाल पंचायती नहीं था, उसको सिंचाई विभाग ने दो बार पक्का कैसे कर दिया है। किसानों का कहना है कि वह खाल ही पक्का होता है, जो पंचायती होता है। साथ ही किसानों का यह भी तर्क है कि पंचायती खाल तो बहुत ही कम होते हैं।

#### रास्तों का विवाद जटिल नहीं

खेतों में आने-जाने के रास्तों का हल निकालना प्रशासन के लिए कोई जटिल समस्या नहीं है। क्योंकि हरेक खेवट में आने-जाने के लिए राजस्व विभाग ने रास्तों का बंदोबस्त होता है। जिला राजस्व अधिकारी प्रमोद चहल का कहना है कि जो भी रंग का रास्ता है, उसको कोई किसी भी सूरत में बंद नहीं कर सकता है। क्योंकि रंग के रास्ते की मलकियत पंचायत की होती है। उन्होंने कहा कि अगर किसी ने रंग के रास्ते को बंद किया है तो उस पर कानूनी कार्रवाई अमल में लायी जाएगी।

#### खेतों का किया मुआयना

किसानों की शिकायत पर सिंचाई विभाग ने गांधरा के खेतों का मुआयना कर लिया है। अब विभाग इस जमीन के नक्शे तैयार करके किसानों को ये बताएगा कि सिंचाई कैसे हो सकती है।
-राजीव राठी, कार्यकारी अभियंता, सिंचाई विभाग सांपला डिविजन

#### हमें खाल की आवश्यकता



अगर किसानों के साथ सिंचाई विभाग ने न्याय नहीं किया तो हम आंदोलन करने को मजबूर होंगे। खेतों की सिंचाई के लिए हमें खाल की आवश्यकता है, पाइपलाइन की नहीं। -धीरज मलिक, जिला पार्षद